16/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

सरकार ने आज केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए 8वें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 7वें वेतन आयोग का कार्यकाल 2026 में समाप्त होने वाला है और अभी 8वें वेतन आयोग के गठन से वेतन पैनल की सिफारिशें प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। उन्होंने कहा कि आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी।

Hold for the Byte:

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 जनवरी को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 118वां एपिसोड होगा। लोग कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 पर भेज सकते हैं। लोग नरेंद्र मोदी ऐप या MyGov ओपन फोरम के जरिए भी अपने इनपुट ऑनलाइन साझा कर सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव इस महीने की 17 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, AIR News वेबसाइट और newsonair मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे AIR News, DD News, PMO और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के YouTube चैनलों पर भी लाइव-स्ट्रीम किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बुधवार को निर्वाचन भवन, ईटानगर में जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को 2024 में चुनाव के लिए **बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस स्टेट अवॉर्ड** प्रदान किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता और विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस महानिदेशक आनंद मोहन ने शिर्कत की साथ ही कर्यक्रम में आयुक्त, सचिव, जिला चुनाव अधिकारी, उपायुक्त, राज्य नोडल अधिकारी और पुरस्कार विजेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने 12 जिला चुनाव अधिकारियों-सह-उपायुक्तों एवं 7 पुलिस अधीक्षकों को **बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस स्टेट अवॉर्ड** प्रदान किया। इस पुरस्कार में प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और 50,000/- रुपये का नकद शामिल है, जिसका उपयोग स्वीप गतिविधियों के लिए किया जाएगा।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू की अध्यक्षता में बुधवार को वर्ष 2025 के लिए अरुणाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य मंत्रिमंडल ने 700 मेगावाट की तातो II जलविद्युत परियोजना और कामले जिले में 1,720 मेगावाट की कमला जलविद्युत परियोजना के लिए एसजीएसटी रियायतें देने को मंजूरी दे दी है। इस बैठक में राज्य भर में बुनियादी ढांचे, शासन और नागरिक सेवा वितरण को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। मंत्रिमंडल ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत, केंद्र सरकार को नामसाई में

100 सीटों वाला मेडिकल कॉलेज और 420 बिस्तरों वाला अस्पताल स्थापित करने का प्रस्ताव भी भेजने का फैसला किया है। परियोजना की कुल लागत ₹375 करोड़ है जिसे पीपीपी मॉडल के तहत योजनाबद्ध किया गया है। इसके अतिरिक्त, राज्य मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित कुछ प्रमुख निर्णयों में विशेष परिस्थितियों में समाप्त की गई बढ़ी जलविद्युत परियोजनाओं की बहाली के लिए अरुणाचल प्रदेश नीति, 2025 और क्रा दादी जिले के चांबांग में एक इलेक्ट्रिकल सब-डिवीजन के निर्माण को शामिल किया गया है।

0000000000000000000

'ऑर्किड्स ऑफ अरुणाचल प्रदेश' नामक पुस्तक का विमोचन आज ईटानगर में उपमुख्यमंत्री चाउना मेन एवं नामसाई विधायक चाउ झिंगनू नामचूम द्वारा किया गया। उपमुख्यमंत्री ने अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि इस पुस्तक को बॉटानिकल सर्वे ऑफ इंडिया के जाने-माने वैज्ञानिक कृष्ण चौलू और सुधांशु शेखर दाश ने प्रसिद्ध बॉटानिस्ट जाम्बे त्सेरिंग के साथ मिलकर लिखा है। श्री मेन ने कहा कि यह पुस्तक अरुणाचल प्रदेश की असाधारण आर्किड विविधता को दर्शाता है जिसमें छह सौ सत्तावन प्रजातियों की सूची और 810 से अधिक तस्वीरें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक आर्किड से जुड़ी सभी जानकारी प्रदान करता है।

0000000000000000000

नाहरलागुन एसडीपीओ ऋषि लोंगदो के अगुवाई में बांदरदेवा पुलिस द्वारा ड्रग तस्करी के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, बुधवार को एक ऑपरेशन के तहत एक संदिग्ध ड्रग तस्कर

को गिरफ्तार किया गया। इस ऑपरेशन टीम में बांदरदेवा पुलिस स्टेशन के ऑफ़िसर इन चार्ज किपा हामाक, सब-इंस्पेक्टर कोज तादा, कांस्टेबल टी. बोमदोम और आर. त्सेरिंग शामिल थे। गहन तलाशी में संदिग्ध हेरोइन वाली 10 शीशियाँ बरामद हुईं, जिनका वजन लगभग 12.70 ग्राम था जिसकी कीमत लगभग ₹ 30,000/- हैं। एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया हैं। आरोपी की पहचान सत्ताइस वर्षिय नूर जमाल के रूप में हुई, जो असम के सोनितपुर का निवासी है। नाहरलागुन पुलिस अधीक्षक, श्री मिहिन गाम्बो ने "ऑपरेशन डॉन 2.0" के तहत नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता की पुष्टि कर क्षेत्र में नशीली दवाओं से संबंधित गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस बल के समर्पण पर जोर दिया।

0000000000000000000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो ने आज स्पेडेक्स मिशन के तहत दो उपग्रहों की डॉकिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों और उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए अंतरिक्ष दल को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मिशन आगामी वर्षों में देश के महत्वकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

0000000000000000000